# ट्रेन में फंसे यात्री, 25 सदस्यीय टीम बचाने पहुंची

- एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त सहयोग से आपदा प्रबंधन क्षमता का मूल्यांकन
- शंभुपुरा यार्ड में हुआ सफल मॉक ड्रिल का आयोजन



नवभारत न्यूज

**रतलाम। शनिवार को प्रात: 9.50 बजे कंट्रोल कार्यालय को सूचना प्राप्त हुई कि शंभुपूरा यार्ड के लाइन नंबर 12 पर एफटीआर साइट कोलिजन हुई है, जिसमें कुछ यात्री फंसे होने की संभावना है। सूचना मिलते ही रेलवे राहत गाड़ी, एआरटी , एआरएमई तथा चिकित्सा दल को तुरंत सूचित किया गया और बचाव कार्य किया गया।**

यह नजारा था पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के शंभुपूरा यार्ड में रेलवे, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त सहयोग से आपदा प्रबंधन क्षमता का मूल्यांकन करने हेतु मॉक ड्रिल का। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी भी दुर्घटना की स्थिति में निर्धारित समयसीमा में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी रूप से अंजाम देना था। शनिवार को को प्रात: 9.50 बजे कंट्रोल कार्यालय को सूचना प्राप्त हुई कि शंभुपूरा यार्ड के लाइन नंबर 12 पर एफटीआर साइट कोलिजन हुई है, जिसमें कुछ यात्री फंसे होने की संभावना है। सूचना मिलते ही रेलवे राहत गाड़ी, एआरटी (एक्सिडेंट रिलिफ ट्रेन), एआरएमई (एक्सिडेंट रिलिफ मेडिकल इक्यूपमेंट) तथा चिकित्सा दल को तुरंत सूचित किया गया तथा निर्धारित समायावधि में एआरटी एवं एआरएमई अपनी पूरी तैयारी के साथ घटना स्थल की ओर रवाना हुआ। एनडीआरएफ टीम, कमांडेंट निशांत कुमार सिंह एवं उनकी लगभग 25 सदस्यीय टुकड़ी के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँची। रेलवे, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल प्रशासन, पुलिस बल, अग्निशमन दल एवं नागरिक सुरक्षा समिति के संयुक्त प्रयासों से घायलों को सुरक्षित निकालने का कार्य निर्धारित समय में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। राहत एवं बचाव कार्य पूर्ण होने के बाद इस घटना को रेल प्रशासन ने मॉक ड्रिल घोषित किया।

# देशभर से दिल्ली जाएंगे किशोर दा के फैन



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** देश के महान गायक हरफनमौला कलाकार किशोर दा का जन्म खंडवा में हुआ। खंडवा और इंदौर में पढ़ाई करने के बाद किशोर दा मुंबई अपने कलाकार भाई अशोक दादा मुनि के पास चले गए जहां उन्होंने गायकी के साथ फिल्मी लाइन से जुड़ी सभी विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया और सफल हुए।

समाजसेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गायकी के क्षेत्र में किशोर दा ने सभी प्रकार के हजारों गीत गाकर संगीत प्रेमियों का दिल जीता, आज बच्चे, युवा और बुजुर्ग तक उनके गीत गुनगुनाते रहते हैं, किशोर दा जैसे कलाकार का कोई विकल्प नहीं है। किशोर प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि पूरे देश के किशोर प्रेमी संगीत प्रेमियों के साथ ही फिल्म लाइन से जुड़े कई कलाकार किशोर दा को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करने के साथ ही किशोर दा का पुस्तेनी मकान जो आज की स्थिति में जर्जर अवस्था में है पूरी तरह से किशोर दा का मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है, उसे प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार से मांग करते हुए किशोर( हेरिटेज) स्मारक बनाने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।

किशोर प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि इस मांग को लेकर भारत रत्न किशोर कुमार ग्रुप कोलकाता, किशोर कुमार वेलफेयर सोसाइटी रांची, किशोर कुमार फेन्स क्लब ऑल इंडिया किशोर कुमार म्यूजिकल ग्रुप परतवाड़ा अमरावती, किशोर कुमार मेमोरियल क्लब दिल्ली, किशोर सांस्कृतीक प्रेरणा मंच खंडवा एवं अन्य किशोर दा से जुड़ी अन्य संस्थाएं लगातार किशोर दा को भारत रत्न प्राप्त हो और उनके पुश्तेनी मकान को स्मारक बनाने को लेकर सरकार से मांग कर रही है।

कोलकाता के किशोर प्रेमी कार्तिक मित्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष यह मांग सरकार से अलग-अलग माध्यम से की जा रही है, इस वर्ष भी 7 दिसंबर को इन संस्थाओं के किशोर प्रेमी लगभग 20 पदाधिकारी दिल्ली पहुंचकर देश के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्रियों को दिल्ली में पैदल यात्रा करते हुए पीएम हाउस राष्ट्रपति भवन पहुंच कर मांग पत्र प्रस्तुत करेंगे।

# मुख्य धारा में वापस लौटे नक्सली : एसपी

**बालाघाट, 06 दिसंबर. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर एक बार फिर जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई है. जिसमें नक्सली अपने ठिकानों को छोड़कर भाग निकले हैं.**



फिलहाल वहां भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं. लगातार ऑपरेशन जारी है. बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस से बातचीत करते हुए बताया मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर शनिवार दोपहर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक्सचेंज ऑफ फायर हुआ है. मुठभेड़ के दौरान नक्सली अपना सामान छोड़कर भागे हैं, लेकिन अभी सुरक्षाबलों ने कार्रवाई जारी रखी है. इस ऑपरेशन के बाद ही सारी जानकारी सामने आएगी. पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा सुरक्षाबलों के लगातार संयुक्त ऑपरेशन के बाद नक्सलियों की संख्या सिमटकर रह गई है. किसी तरह जवानों से बचकर भागते फिर रहे हैं. चूंकि नक्सली संगठन के शीर्ष नेताओं और बड़ी संख्या में नक्सली सदस्यों ने या तो सरेंडर कर दिया है, या फिर मारे गए हैं. जिसके बाद से नक्सलवाद की रीढ़ अब टूट चुकी है.

### होगी सख्त कार्रवाई

अब नक्सलवाद का खात्मा भी तय माना जा रहा है. ऐसे में कुछ बचे हुए नक्सली जंगलों में छिपते, भागते नजर आ रहे हैं. नक्सलवाद के खात्मे की जारी डेडलाइन के बाद कार्रवाई से नक्सलवाद अंतिम कगार पर नक्सलियों से शासन प्रशासन की तरफ से खुले शब्दों में कहा गया है कि या तो सरकार की नीतियों का लाभ लेते हुए मुख्य धारा में लौट आएं या फिर जवानों की कार्रवाई के लिए तैयार रहें. नक्सल संगठन लगभग बिखरकर रह गया है. बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण के बाद वैसे ही नक्सलियों की कमर टूट गई है.

# भिंड स्टेशन को दिल्ली व भोपाल से जोड़ने की मांग संसद में गूंजी



**भिंड.** भिंड दतिया की सांसद संध्या राय ने लोकसभा में भिंड रेलवे स्टेशन को राजधानी दिल्ली एवं भोपाल से सीधी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने का विषय प्रमुखता से उठाया. उन्होंने कहा कि हमारी यह मांग क्षेत्र के नागरिकों की यात्रा सुविधा, व्यापारिक गतिविधियों और समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है.

# सीएम का दौरा फिर स्थगित, व्यवस्था पर लाखों खर्च

- अधिकारियों की खर्च अर्जेस्टमेंट की बड़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

**सीधी 06 दिसम्बर. मुख्यमंत्री का बहरी दौरा फिर स्थगित होने से व्यवस्था में लाखों का खर्च बर्बाद हो गया. जिले के बहरी में दो बार मुख्यमंत्री का आगमन स्थगित होने से हुये लाखों के व्यय को लेकर व्यवस्था से जुड़े विभाग के अधिकारियों की खर्च अर्जेस्टमेंट की परेशानी का सामना करना पड़ेगा.**



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का सीधी जिले के बहरी में 7 दिसम्बर 2025 को दौरा कार्यक्रम आनन-फानन में 5 दिसम्बर 2025 को सुबह निर्धारित किया गया था. मुख्यमंत्री के आगमन की जानकारी पर सीधी जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्यक्रम स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी में जुटा हुआ था. किन्तु देर रात मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना दी गई. सूचना में कहा गया कि अपरिहार्य कारणों से आगामी तिथि तक मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थगित किया जा रहा है. मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम एक बार फिर स्थगित होने से सिहावल की जनता में मायूसी छा गई. पूर्व में मुख्यमंत्री का बहरी कार्यक्रम 19 सितम्बर 2025 को निर्धारित था और वह भी अंतिम समय में

> ऐसे में सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि आखिर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अचानक फिर क्यों स्थगित कर दिया गया. सीएम के कार्यक्रम की तैयारी में प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ जुटे हुये थे. यहां तक कि संभागीय प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड में थे. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तमाम बड़े अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई थी. इससे पूर्व 19 सितम्बर को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम तैयारी में करोड़ों रूपये खर्च हुये थे.

### एक नजर में

## प्रार्थना सभा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**भोपाल 06 दिसम्बर .** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल अपने पूज्य पिताजी एवं विंध्य क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी स्व. श्री भैयालाल शुक्ल जी की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हरिहरपुर धाम रीवा में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने स्व. श्री शुक्ल जी के स्मृति स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महान कार्यों और जीवन मूल्यों का स्मरण किया। प्रार्थना सभा में परिवारजन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी तथा समाजसेवी उपस्थित रहे. प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह भावपूर्ण अवसर उस महान विभूति की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाजसेवा, मानवीय मूल्यों और त्याग के आदर्शों को जिया। पूज्य पिता जी ने जीवनभर सेवा, त्याग और मानवता के आदर्शों को अपनाया और समाज में एक मिसाल प्रस्तुत की। पूज्य पिताजी के त्याग, सेवा और मानवीय मूल्यों की विरासत सदैव प्रेरणा देती रही है। उन्होंने सादगी, त्याग और मानवङ्कसेवा को अपने जीवन का धर्म बनाया। उप मुख्यमंत्री ने भावपूर्ण शब्दों में अपने पिताजी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने उपस्थित संत समाज को श्रद्धा और सम्मान के प्रतीक स्वरूप श्रीफल एवं शॉल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पूज्य पिताजी की स्मृति में पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की.

## 'बैंबू मैन' विश्वकर्मा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित




**नीमच, 6 दिसंबर .** पुनर्योजी कृषि और मिट्टी की सेहत सुधारने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नीमच जिले के ग्राम भाटखेड़ी के प्रगतिशील किसान कमलाशंकर विश्वकर्मा, जिन्हें क्षेत्र में स्नेहपूर्वक 'बैंबू मैन' के नाम से जाना जाता है, को राष्ट्रीय स्तर के 'प्रोफेसर रतनलाल अवॉर्ड्स फॉर एक्सीलेंस इन रिजनरेटिव एग्रीकल्चर - 2025' से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सॉइल साइंस, भोपाल और अंतरराष्ट्रीय संस्था सॉलिडैरिडाड द्वारा 'विश्व मृदा दिवस' के अवसर पर शुरू की गई विशेष श्रृंखला के तहत दिया गया. विश्वकर्मा को यह सम्मान फार्मर (इंडिविजुअल) श्रेणी में मृदा स्वास्थ्य सुधार, जैविक व रिजनरेटिव खेती की उन्नत तकनीकों को अपनाने और बांस आधारित खेती-उद्यम के माध्यम से टिकाऊ आजीविका का मॉडल विकसित करने के लिए प्रदान किया गया.



## डॉ . अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मनाई पुण्यतिथि

**रीवा .** जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमरावत अम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई .

# अशांति फैलाने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

### अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**छिंदवाड़ा,06. कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिले के सभी एसडीएम से कहां कि समाज में अशांति फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.**



अशांति फैलाने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाए. कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने राजस्व विभाग से जुड़ी सीएम हेल्पलाईन शिकायतों एवं लोक सेवा गारंटी के आवेदनों में निराकरण की भी समीक्षा की. तहसील मुख्यालय पर हैलीपेड निर्माण हेतु शासकीय भूमि की उपलब्धता की समीक्षा की गई. वन ग्राम को राजस्व ग्राम बनाये जाने व मजरा टोला राजस्व बनाये जाने के कार्यों और उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित याचिकाओं तथा अवमानना के प्रकरणों की समीक्षा की. कलेक्टर नारायन ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब न हो और प्रत्येक प्रकरण का समाधान निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए. नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरणों का डिस्पोजल गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के अंदर सुनिश्चित हो. पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित फील्ड निरीक्षण करें और जनता को उपलब्ध हो रही सेवाओं पर समुचित निगरानी रखें.

# नीमच सिटी में चोरों का आतंक सूने घर से लाखों की चोरी

**नीमच।** बाबा शहाबुद्दीन दरगाह क्षेत्र में रहने वाले सिंगर और ऑर्केस्ट्रा संचालक शाहिद नदीम के घर में 4 दिसंबर की रात बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। शाहिद नदीम, जो शादियों और पार्टियों में ऑर्केस्ट्रा प्रोग्राम संचालित करते हैं, उस समय उदयपुर में एक कार्यक्रम पर गए थे। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए घर में घुसकर लाखों का माल साफ कर दिया। घटना 04 दिसंबर की रात 3 से 5 बजे के बीच हुई, पीड़ित शाहिद नदीम के अनुसार चोर मुख्य गेट का ताला काटकर घर में दाखिल हुए और ताले भी अपने साथ ले गए। घर की अलमारी में रखी नकदी और सोने चांदी के सभी कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

**कैमरा भी बंद, चोरों ने गिराई लाइट की एमसीबी**

चोरी को पूरी योजना के साथ अंजाम दिया गया। घर में लगा सीसीटीवी कैमरा भी बंद मिला। शाहिद नदीम के अनुसार चोरों ने लाइट की एमसीबी गिराकर पूरा सिस्टम बंद कर दिया, ताकि कैमरों में कोई फुटेज कैद न हो सके। पीड़ित ने बताय की 1,40,000 नकद, लगभग 4 लाख मूल्य के सोने के गहने जिसमे पत्नी की चेन, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, बच्चे के दोनों हाथों के कड़े, पत्नी के टॉप्स और नथ, करीब आधा किलो चांदी के आइटम, 8,000 रुपये इनाम की खुली राशि सहित लगभग 5 लाख रुपये से अधिक की चोरी की वारदात हुई है।

# फुले पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन



**श्योपुर, 06 दिसंबर.** राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड ने महात्मा ज्योतिबा फूले के खिलाफ स्वामी आनंद स्वरूप द्वारा सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के विरोध में जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया. इसमें स्वामी आनंद स्वरूप के फेसबुक पेज, आईडी को तत्काल बंद करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई. जिलाध्यक्ष मुकेश सुमन के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि महात्मा फूले भारत के प्रथम शिक्षक और समाज सुधारक रहे हैं। उनके बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी से देशभर में उनके अनुयायियों की भावनाएं आहत हुई हैं और उनमें आक्रोश व्याप्त है। ब्रिगेड ने आरोप लगाया कि ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ और अपमानजनक बयान देना समाज में भ्रम तथा अशांति फैलाने वाला कार्य है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता. समाज के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन सौंपा.

# सांसद खेल महोत्सव में बैडमिंटन और चेस प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पूरे संसदीय क्षेत्र में इन दीनों शहर गांव एवं नगर मैं स्कूलों और मैदानो में सांसद खेल महोत्सव के 10 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है।**

देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा खेल गतिविधियों को और आगे बढ़ाने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पूरे देश की लोकसभा क्षेत्रो में किया जा रहा है। समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खेल महोत्सव को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं उनकी टीम द्वारा पूरे संसदीय क्षेत्र में खेलों में रुचि रखने वाले लगभग 2 लाख खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया है। सांसद श्री पाटिल एवं खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी जितेंद्र सुराणा के साथ ही विधानसभा प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रत्येक विधानसभा मे खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा प्रभारी दिनेश पालीवाल के मार्गदर्शन में गांवो एवं खंडवा शहर में स्कूलों और खेल मैदानो में शानदार खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है, बड़ा उत्साह के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ युवा अलग-अलग खेलों में अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत बैडमिंटन और चेस प्रतियोगिता अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल में आयोजित हुई।

### बैठक

### प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित, सीईओ ने दिए निर्देश

# निर्धारित पैरामीटर के तहत कार्यों को पूर्ण करें

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 06 दिसम्बर। जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नीति आयोग के इंडिकेटर के तहत किए गये कार्यो के प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई.**



नीति आयोग भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक विकास खण्ड देवसर चयनित है. बैठक के प्रारंभ में नीति आयोग के तहत निर्धारित पैरामीटरो में किए गए कार्यो की जानकारी संबंधित विभागो से प्राप्त करने के पश्चात सीईओ ने निर्देशित किया कि निर्धारित पैरामीटरो के तहत कार्य पूर्ण कर पोर्टल में अपडेट करें. साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा कृषि एवं संबंद्ध सेवाएं बुनियादी ढाचे, सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सुधार किया जाना लंक्षित है. सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि एचएमआईएस के आधार पर एएनसी पंजीयन शत-प्रतिशत करे. वही महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सालाना ईएनसी रजिस्ट्रेशन आंगनवाड़ी आशा द्वारा गृह भेट कर लोगो को जागरूक कर रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित किया जाये.

> वही गर्भवती महिलाओं का चेकअप अनिवार्य रूप से करायें एवं महिलाओं को समय पर पोषण आहार का वितरण भी सुनिश्चित करे तथा प्रसव पश्चात प्रथम स्तन पान के लिए जागरूकता लाई जाए. उन्होंने निर्देशित किया कि जिले की आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक की गर्भवती एवं धात्री माताओं का आंगनवाड़ी केन्द्रो के माध्यम चयन कर सुपोषण के लिए समयबद्ध रणनीति का क्रियान्वयन किया जाए.

# नगरीय निकाय एवं पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित

**सीधी 06 दिसम्बर.** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है. मतदान 29 दिसम्बर 2025 को होगा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर 2025 से शुरू होगा. नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी. नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है.

# अपने वादे को पूर्ण करना शासन की कार्यशैली

- कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने किया कक्षों का लोकार्पण

**रतलाम, 06 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए हर वादे को पूर्ण करना मध्य प्रदेश सरकार की कार्यशैली है.**



मध्य प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसमें मुख्यमंत्री और श्रम विभाग के प्रयासों से विगत 2 वर्ष में उद्योगपतियों की रुकी हुई सब्सिडी राशि को जारी कर दिया है. यह बात कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग मध्य प्रदेश शासन चैतन्य काश्यप ने कहीं. आपने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय वाग्देवी भवन रतलाम में प्रथम एवं द्वितीय तल पर 6 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से बने 20 कक्षों का लोकार्पण किया गया.

काश्यप ने कहा कि लाड़ली बहना योजना , भावांतर भुगतान, मुआवजा राशि आदि किसानों को मिलना प्रारंभ किया गया है. अनुसूचित जाति , जनजाति के विद्यार्थीयो को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि जारी की जा रही है, शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिया जा रहा है, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शिक्षा मंत्री रहने के कार्यकाल में ही नई शिक्षा नीति लागू की गई जिससे स्कूल और कॉलेज में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं .